प्रादेशिक समाचार

03.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मांझी परगना महासम्मेलन में कहा–एनडीए सत्ता में आई तो आदिवासियों की छीनी हुई जमीन वापस दिलाई जाएगी।

2. गुमला में पुलिस ने पांच लाख रुपए के इनामी नक्सली रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण सहित पांच नक्सलियों को हथियार और कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

3. आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के आज दस वर्ष पूरे।

4. राज्यभर में शारदीय नवरात्र आज श्रद्धा भक्ति के साथ हुआ शुरू, विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में की गई कलश स्थापना।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पाकुड़ बाजार समिति प्रांगण में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में संथाल परगना में आदिवासियो की घटती आबादी एवं लुटती जमीन पर चिंता जाहिर किया। उन्होनें कहा कि आनेवाले दिनों में बड़ी वैसी बुलायी जाएगी और आदिवासियो की छीनी गई जमीन वापस दिलाई जाएगी।

****

गुमला में पुलिस ने झारखंड सरकार द्वारा घोषित 5 लाख रुपए के इनामी नक्सली रंथु उरांव उर्फ गुरुचरण सहित पांच नक्सलियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के डीआईजी अनूप विरथरे ने गुमला पुलिस लाईन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को इनामी नक्सली रंथू उरांव उर्फ गुरुचरण के अपने दस्ता सदस्यों के साथ आने की गुप्त सूचना मिली। इसके बाद आंजन जंगल में छापेमारी कर कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया गया।

****

एटीएम काटकर पैसे उड़ाने वाले गिरोह के सरगना को रामगढ़ पुलिस ने हरियाणा के नूह से गिरफ्तार किया है। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस वर्ष पूरे हो गये हैं। 2014 में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री तथा आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। पिछले महीने मन की बात में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक माला का रूप ले लिया है जिसकी हर कड़ी में नए अनुभव, नई कहानियां और नई शख्सियतें जुड़ती चली गईं।

****

केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी कल से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वे कल सीएमपीडीआई में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पांच अक्टूबर को श्री रेड्डी घाटशिला में एचसीएल के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और सुरदा कॉपर

माइंस का निरीक्षण करेंगे। छह अक्टूबर को श्री रेड्डी सीसीएल के बीएंडके एरिया जायेंगे और कोनार में कोल हैंडलिंग प्लांट का शिलान्यास करेंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची के सुकुरहुटू में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवनिर्मित ट्रांसपोर्ट नगर के फेज– 1 का उद्‌घाटन एवं फेज –2 की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से जहां यातायात और परिवहन व्यवस्था सुगम और मजबूत होगी। वहीं ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का यह स्थायी ठिकाना होगा, जहां उन्हें कारोबार से संबंधित सारी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर में आने वाले दिनों में आवश्यकता के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

****

एग्जिबिशन ऑन द व्हील के तहत राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद की ओर से चलाये जा रहे वाहन के जरिए कोडरमा जिले के 9 चिन्हित स्कूलों में तीन–तीन दिनों की विज्ञान प्रदर्शनी लगायी जाएगी।

****

रांची में दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन के अधिकारियों ने पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिए हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। बाद में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस विशेष रूप से एहतियात बरत रही है। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलानेवाले लोगों से सख्ती से निबटा जाएगा।

****

राज्यभर में शारदीय नवरात्र आज श्रद्धा भक्ति के साथ शुरू हुआ। विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की अराधना शुरू हो गई है। लोग सुबह से ही विभिन्न देवी मंदिरों में पूजा कर रहे हैं। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाती है। आज से नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाएगी। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में नवरात्र का उल्लास देखा जा रहा है। देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर में भी नवरात्र पर खास तैयारी की गई है। यहां हर साल बड़ी संख्या में भक्त नवरात्र के दिनों में मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचकर मां की आराधना करते हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, शक्ति वंदना को समर्पित यह पवित्र त्योहार सभी के लिए शुभ साबित हो। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

*******समाप्त*******